आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 11.06.2025
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– भारत चाहता है कि आतंकवाद पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से खत्म हो।
- श्री सिंह ने भारत की एकता और अखंडता की रक्षा में अभूतपूर्व योगदान के लिए उत्तराखण्ड के वीर सैनिकों की बहादुरी की सराहना की।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से राज्य में नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग मांगा।
- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग–7 और राष्ट्रीय राजमार्ग–34 के सुधार कार्यों के लिए 720 करोड़ 67 लाख रुपये स्वीकृत किए।
- और.... मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने केंद्र से पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की।

केंद्रीय रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत चाहता है कि पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से आतंकवाद खत्म हो। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद कार्रवाई करने में असमर्थ है तो भारतीय सेनाएं सीमा के इस पार और उस पार आतंकवाद को खत्म करने में सक्षम हैं। श्री सिंह ने देहरादून में एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत न सिर्फ सीमाओं की सुरक्षा कर रहा है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था भी बना रहा है जो हमें सामरिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से मजबूत बना रही है। उन्होंने कहा कि पहले भारत रक्षा उपकरणों के लिए पूरी तरह से विदेशी देशों पर निर्भर था, लेकिन आज भारत रक्षा के मामले में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा ळें पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है बल्कि स्थगित है। सैन्य कार्रवाई भले ही बंद हो गई हो, लेकिन सूचना युद्ध अभी भी जारी है। युद्ध के बदले स्वरूप के बारे में उन्होंने कहा कि आज का युद्ध सिर्फ सीमा पर खड़े सैनिक ही नहीं लड़ रहे बल्कि यह सूचना के रूप में भी लड़ा जाता है।

उत्तराखंड के परिप्रेक्ष्य में रक्षा मंत्री ने कहा कि इस राज्य के वीर जवानों ने सीमाओं पर भारत की एकता और अखंडता की रक्षा में अभूतपूर्व योगदान दिया है। श्री सिंह ने कहा कि उत्तराखंड हमें न केवल मानसिक शांति का एहसास कराता है बल्कि सुरक्षा का भरोसा भी देता है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग सुधार**

केंद्र सरकार ने प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग–7 और राष्ट्रीय राजमार्ग–34 के सुधार कार्यों के लिए 720 करोड़ 67 लाख रुपये की मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने यह मंजूरी राष्ट्रीय राजमार्ग–7 के अंतर्गत

देहरादून–लाल टप्पर–नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग–34 के अंतर्गत नेपाली फार्म–मोतीचूर खंड के सुधार कार्यों के लिए दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न केवल देहरादून–हरिद्वार–ऋषिकेश के बीच तेज और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित होगा, बल्कि चारधाम यात्रा मार्ग भी अधिक सुगम और सुगम बनेगा।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मौजूदा व्यस्त जंक्शनों पर ग्रेड सेपरेशन और स्थानीय यातायात को मुख्य सड़क यातायात से अलग कर सड़क सुरक्षा में व्यापक सुधार करना है। इसके तहत अतिरिक्त सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात का दबाव कम होगा।

## मुलाकात

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर राज्य में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। श्री जोशी ने राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों मसूरी और नैनीताल के आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने, पर्यटकों के अत्यधिक दबाव की समस्या को कम करने तथा पर्यटकों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के विकास से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के संबंध में भारत सरकार के विभिन्न सचिवों से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा से पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की। इस दौरान श्री सिन्हा ने आश्वस्त किया कि आगामी छः माह में पंतनगर एयरपोर्ट के निर्माण की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी। मुख्य सचिव ने देहरादून एयरपोर्ट पर देर रात्रिकालीन लैंडिंग की सुविधा के लिए  भी अनुरोध किया। साथ ही हेली एम्बुलेंस सेवा को फिर से शुरू करने और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के सुदृढ़ीकरण को लेकर भी आग्रह किया, जिस पर नागरिक उड्डयन सचिव ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मुख्य सचिव ने वन एवं पर्यावरण सचिव तनमय कुमार से त्यूणी–प्लासू जल विद्युत परियोजना, ऋषिकेश–नीलकंठ रोपवे प्रोजेक्ट एवं सिरकारी भ्योल रूपासिया बगड़ जलविद्युत परियोजना के लिए वन स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

श्री बर्द्धन ने आवास और शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला से रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को दिल्ली–मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार और ऋषिकेश तक विस्तारित करने के लिए अनुरोध किया।

## नई पहल

कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने नशे पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान कार्यबल का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार व पुलिस की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि कुमाऊं परिक्षेत्र के सभी जिलों से इच्छुक व योग्य पुलिसकर्मियों का साक्षात्कार लेकर उन्हें विशेष टीम में सम्मिलित किया गया है। यह टीम क्षेत्रीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं जांच करने के साथ त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही व अपराधियों से मिलीभगत पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा लोग हैल्पलाइन नम्बर 94 11 11 00 57 पर नशे व जघन्य अपराधों के साथ पुलिस की संलिप्तता से हो रहे भ्रष्टाचार की गोपनीय सूचना दे सकती है। अन्य सामान्य शिकायतों के लिए डायल 112 पर कॉल करने की अपील की गई है।

## मुकदमा दर्ज

ऊर्जा निगम और विजिलेंस टीम ने हरिद्वार जिले के झबरेड़ा क्षेत्र के तीन गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी करते हुए आठ लोगों को रंगे हाथ पकड़ा है। कस्बा झबरेड़ा विद्युत उपखंड अधिकारी रिजवान अली ने बताया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## अनुसूचित जाति आयोग

प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में अनुसूचित जाति आयोग के जरिए दो युवा प्रतिनिधि नियुक्त किए जाएंगे। जो उस क्षेत्र के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी व उसके लाभ के बारे में जानकारी देने के अलावा आनलाइन आवेदन प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण देंगे।

उत्तराखंड राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कल नैनीताल क्लब में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान यह जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि प्रदेश के विद्यालयों में छात्रवृत्ति से सम्बंधित प्रकरणों के निस्तारण के लिए नोडल अधिकारी की भी तैनात की जाएगी।

## और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– पंचायतों में आज से आरक्षण निर्धारण, त्रिस्तरीय पंचायतों में विभिन्न पदों पर आरक्षण के लिए समय सारिणी जारी। इस खबर पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– आरक्षण पर 13 को निर्णय, 19 को लगेगी मुहर, सरकार ने जारी किया आरक्षण का फार्मूला, आपत्तियों के निस्तारण के बाद निर्वाचन आयोग को सौंपा जाएगा फाइनल ड्राफ्ट।

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की वेतन वृद्धि पर दैनिक जागरण ने शिक्षा सचिव के हवाले से लिखा है– शिक्षकों से अतिरिक्त वेतनवृद्धि की वसूली पर लगी रोक। इस खबर पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है– अतिरिक्त इंक्रीमेंट की वसूली पर रोक।

प्रदेश में सहकारी बैंकों की भर्ती पर अमर उजाला ने लिखा– उत्तराखंड के सहकारी बैंकों में 177 पदों पर होगी र्ती। हिन्दुस्तान का शीर्षक है– सहकारी बैंकों में 177 पदों पर भर्ती को मिली मंजूरी।